#शाहजहाँपुरपुलिस

प्रेस नोट दिनांक 08.04.24

थाना मदनापुर जनपद शाहजहांपुर

थाना मदनापुर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अवैध अफीम के डोडे का छिलका/चूर्ण की तस्करी करते हुये एक अभियुक्त को करीब 05 किलो 400 ग्राम अफीम डोडे के छिलके के साथ किया गया गिरफ्तार।

श्री अशोक कुमार मीणा पुलिस अधीक्षक महोदय शाहजहांपुर के निर्देशन मे मादक पदार्थो की बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहाँपुर श्री संजय कुमार के निर्देशन मे व क्षेत्राधिकारी सदर श्री अमित चौरसिया के कुशल निर्देशन मे गठित टीम के सदस्य प्रभारी निरीक्षक श्री अश्वनी कुमार, उ0नि0 श्री चन्द्रशेखर मय फोर्स द्वारा सूचना मुखबिरी के आधार पर **"बरीखास पुलिया के पास से"** वाहन चैकिंग के दौरान दिनांक 07/04/24 को समय करीब 23.20 बजे अभियुक्त कामेश्वर पुत्र करम मेहतो निवासी ग्राम डहू थाना टडवा जिला चतरा झारखण्ड को गिरफ्तार किया गया। जिसके कब्जे से एक प्लास्टिक की बोरी मे करीब 05 किलो 400 ग्राम अफीम के डोडे का छिलका बरामद हुआ। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

विवरण पूछताछः-

पूछताछ पर अभियुक्त द्वारा बताया कि साहब मै झारखण्ड राज्य का रहने वाला हूँ मैने यह डोडे के छिलके को रास्ते से सस्ते दामो पर खरीदा है जिसे मै यहां लाकर अलग -अलग स्थानो पर महंगे दामो मे बेच देता हूँ क्योकि साहब मैने मदनापुर मे ग्राम ईस्माइलपुर के पास करीब 07 बीघा जमीन खरीद रखी है जिसको बटाई पर दे रखा है जिसकी देखरेख करने मै मदनापुर अक्सर आता जाता रहता हूँ जिस कारण कोई मुझ पर शक पर भी नही करता है । अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है ।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

कामेश्वर पुत्र करम मेहतो निवासी ग्राम डहू थाना टडवा जिला चतरा झारखण्ड ।

पंजीकृत अभियोगः-

मु0अ0स0 120/24 धारा 8/15 N.D.P.S Act

बरामदगी का विवरणः-

05 किलो 400 ग्राम अफीम के डोडे का छिलका

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्रभारी निरीक्षक श्री अश्वनी कुमार थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर।
2. उ0नि0 श्री चन्द्रशेखर मदनापुर जिला शाहजहांपुर।
3. उ0नि0 श्री मनोज कुमार थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर।
4. का0 विजय प्रताप थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर।
5. का0 रोनिश थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर।